भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
फोन नं. : 23005700; फैक्स : 23005787

दिनांक : 04 मार्च, 2014

'चाय पे चर्चा' (दूसरा भाग) : महिला सशक्तिकरण

नयी दिल्ली, ३ मार्च २०१४ : भारतीय जनता पार्टी, 'सिटीजन्स फॉर ऑकउंटेबले गवर्नेंस' नामक संस्था के साथ, 'चाय पे चर्चा' के दूसरे भाग को लेकर तैयार है । ये कार्यक्रम श्री नरेंद्र मोदी जी और भारत के लोगों के बीच बात-चीत की एक अनूठी श्रंखला है । १२ फरवरी २०१४ के विशेष उद्घाटन सत्र के बाद, 'चाय पे चर्चा' का दूसरा भाग अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ८ मार्च २०१४ को आयोजित होगा । कार्यकर्म की शुरुआत शाम ४ बजे होगी । अपने नजदीकी चर्चा स्थल की जानकारी चाय पे चर्चा वेबसाइट (http://www.indiancag.org/chaipecharcha/) पे देखी जा सकती है या ७८७८७८२०१४ पे CPC <पिनकोड> SMS करके प्राप्त की जा सकती है ।

पिछले प्रकरण की तरह, श्री मोदी जी भारत के सभी लोगों से बात चीत करेंगे। भाजपा के नेतृत्व से संवाद के अतिरिक्त, च.प.च के इस भाग में महिला से सम्बंधित मुद्दों पे पैनल परिचर्चा होगी । ये पैनल चर्चा मोदी जी से वार्तालाप से पहले होगा । जिन मुद्दों पे विचार-विमर्श होना है, वो एक ऑनलाइन पोल द्वारा निर्धारित किये जायेंगे, जिनको च.प.च के वेबसाइट, एप्प और सोशल मीडिया के माध्यम से एकत्रित किया जायेगा ।

पहले सत्र जितनी जगहों में आयोजित हुआ था,उससे ५० फ़ीसदी अधिक स्थानों में च.प.च का दूसरा भाग का प्रयोजन होगा, और इस बार ग्रामीण जगहों को पर्याप्त महत्त्व दिया जायेगा । भारत के बाहर च.प.च को आयोजित करने की अनगिनत अनुरोधों के चलते, इस बार हमने विदेशों में ३० जगहों का चयन किया है जो ५ महाद्वीपों और १५ देशों में फैली हैं । कुल मिला के, इस बार दूसरा भाग १५०० से ज्यादा स्थानों में, ५०० से ज्यादा शहरों में संगठित होगा । इंटरनेट कि सुविधा से घर बैठे श्रोता, इस कार्यक्रम में अपने सवाल पूछ कर भाग ले पाएंगे ।

नागरिकों कि आकाँक्षाओं को उनका सही महत्त्व मिले, इसके लिए ज़रूरी है कि हमारा राजनीतिक प्रतिष्ठान ज़मीनी मुद्दों को पर्याप्त ढंग से समझें। चाय पे चर्चा मोदी जी और लोगों को सीधे तरीके से जोड़ता है । राजनीतिक रैलियों से परे, इस अनूठे और बेमिसाल अभियान का उद्देश्य है कि उनके और लोगों के बीच एक निरंतर और जीवन्त साकारात्मक संवाद का निर्माण हो ।

(इंजी. अरूण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव